# दमुआ में पुलिस पर संगीन आरोपः रेत, कोयला माफिया से सांठगांठ, थाना प्रभारी पर उठे सवाल

**हरिभूमि की खबर से बौखलाया पुलिस महकमा, अखबार को फर्जी बताकर लेने से किया इंकार, मामला पहुंचा डीआईजी तक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम पर रेत और कोयला तस्करों को संरक्षण देने के आरोप अब खुलकर सामने आने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन और कोयला चोरी का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, जिसमें पुलिस की कथित मिलीभगत की चर्चाएं आम हो चुकी हैं।

बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी द्वारा निजी ड्राइवर रखे जाने और उसके माध्यम से अवैध वसूली का खेल संचालित किया जा रहा है। सुनील यादव और "सीटू" नामक व्यक्तियों पर आरोप है कि वे खुलेआम रेत से भरे ट्रैक्टरों को पकड़कर छोड़ने के एवज में रकम वसूलते हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह सब उच्च संरक्षण में हो रहा है।

### रात में जब्ती, सुबह रिहाई, कानून पर सवाल

11 मार्च को घोड़ाबड़ी क्षेत्र से रेत से भरा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया, लेकिन महज कुछ घंटों के भीतर 12 मार्च की सुबह 4:10 बजे उसे बिना किसी वैधानिक कार्रवाई के छोड़ दिया गया। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

### खबर छपी तो अखबार पर ही हमला

जब इस पूरे मामले को लेकर हरिभूमि अखबार ने दूधपानी में हो रहे कोयले खनन को लेकर खबर प्रकाशित की, तो थाना प्रभारी ने अखबार को ही "फर्जी खबरें छापने वाला" बताते हुए लेना बंद कर दिया। अखबार लेना या न लेना यह तो पाठक की पसंद पर निर्भर है परंतु राष्ट्रीय स्तर के अखबार को फर्जी बोल देना सवाल तो पैदा करता है। यह कदम प्रेस की स्वतंत्रता पर भी गंभीर सवाल है।

### पत्रकारों से दुर्व्यवहार, ग्रुप से हटाया

सूत्रों के अनुसार, थाना प्रभारी द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से कुछ पत्रकारों को हटाया गया, जिनमें मध्यभारत के पत्रकार पंकज साहू का नाम भी शामिल है। इस कार्रवाई को लेकर पत्रकारों में रोष व्याप्त है।

### मामला पहुंचा डीआईजी के दरबार में

इस पूरे घटनाक्रम से आहत होकर नगर पालिका दमोह के उपाध्यक्ष सुरेश बाबा कश्यप ने डीआईजी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई। उनके साथ राष्ट्रीय हिंदू सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित सिंह राजपूत और बनवासी आश्रम के जिला अध्यक्ष भवानी प्रसाद वर्मा भी मौजूद रहे। शिकायत में कहा गया कि अखबार को न लेना अलग बात है, लेकिन उसे "फर्जी" बताकर सार्वजनिक रूप से अपमानित करना निंदनीय है। साथ ही क्षेत्र में बढ़ते अपराधों और पुलिस की निष्क्रियता पर भी चिंता जताई गई।

### कोयला माफिया पर भी पहले उठे थे सवाल

कुछ समय पहले कोयला तस्करी को लेकर भी बड़े खुलासे सामने आए थे, जिनमें पुलिस की भूमिका पर सवाल उठे थे। हरिभूमि सहित कई मीडिया संस्थानों ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।

### डीआईजी का आश्वासन, जनता की नजरें कार्रवाई पर

डीआईजी ने पूरे मामले में सुधार और शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अब देखना यह होगा कि वरिष्ठ अधिकारी इस गंभीर शिकायत पर कितनी सख्ती दिखाते हैं और क्या वाकई दमोह में रेत-कोयला माफिया पर लगाम लग पाती है।

## जनसुनवाई में साक्ष्यों के साथ शिकायत

## परासिया के लायंस आई हॉस्पिटल पर अवैध नेत्र प्रत्यारोपण और अंग तस्करी का सनसनीखेज आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय में मंगलवार, 31 मार्च को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब परासिया स्थित लायंस आई हॉस्पिटल और उससे जुड़े लायंस क्लब पर अवैध नेत्र निष्कर्षण, नेत्र प्रत्यारोपण और अंग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों का खुलासा हुआ।

समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने ठोस दस्तावेजों और आरटीआई से प्राप्त प्रमाणों के आधार पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को विस्तृत शिकायत सौंपी और कठोर कार्रवाई की मांग की।शिकायत के अनुसार, मामला 20 मई 2016 को एक व्यक्ति के निधन के बाद बिना अधिकृत डॉक्टर, विशेषज्ञ या पुलिस की उपस्थिति में एक निजी कंपाउंडर के माध्यम से कथित रूप से अवैध नेत्र निष्कर्षण से जुड़ा है।

परिजनों द्वारा नेत्रों के उपयोग और प्राप्तकर्ता की जानकारी मांगे जाने पर अस्पताल प्रबंधन कोई वैध रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका। हालांकि संस्था द्वारा नेत्र प्राप्ति का प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि संस्था नेत्रदान और प्रत्यारोपण से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त थी।

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, छिंदवाड़ा के अनुसार, संबंधित संस्था के पास मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम (THOTA), 1994 के तहत नेत्र निष्कर्षण या प्रत्यारोपण के लिए कोई वैधानिक पंजीकरण नहीं है। वहीं, पूर्व जांच में स्वास्थ्य विभाग के समक्ष संस्था द्वारा नेत्रदान लेने से इनकार किए जाने की जानकारी भी सामने आई है, जबकि मीडिया में इसके विपरीत दावे प्रकाशित होते रहे हैं। लगभग 25 वर्षों से बिना वैधानिक अनुमति के नेत्र निष्कर्षण किए जाने के आरोपों ने संभावित बड़े अंग तस्करी नेटवर्क की आशंका को जन्म दिया है, जिसकी कड़ियाँ भोपाल सहित अन्य शहरों से जुड़ी होने की बात कही जा रही है।मामला अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच चुका है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO), मानव अधिकार आयोग सहित कई प्रमुख संस्थाओं ने इस पर संज्ञान लिया है। PMO द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, वहीं NOTTO ने स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से विस्तृत जांच रिपोर्ट (ATR) तलब की है। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं तथा THOTA अधिनियम की धाराओं 14, 18, 19 और 20 के तहत FIR दर्ज करने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी संबंधित संस्था पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण मिशन की योजना में फर्जी बिलों के जरिए गबन के मामले में वर्ष 2025 में थाना परासिया में FIR दर्ज की गई थी, जिसमें संस्था के कई पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## पुस्तक विक्रय में पारदर्शिता के निर्देश, 4 से 6 अप्रैल तक लगेगा जिला स्तरीय पुस्तक मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आज पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सीबीएसई, आईसीएसई एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के लिए पाठ्यहु पुस्तकों, कॉपियों, स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म के विक्रय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक भार रोकने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि पुस्तक विक्रेताओं या विद्यालय प्रबंधन द्वारा पाठ्यक्रम से असंबंधित सामग्री को पुस्तक सेट में शामिल कर कीमत बढ़ाने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी छात्र को संपूर्ण सेट खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और यदि विद्यार्थी के पास पूर्व की पुस्तकें उपलब्ध हैं तो उसे आवश्यकता अनुसार ही पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। साथ ही पुस्तक विक्रेता कॉपी, कवर, स्टीकर, पेंसिल बॉक्स या अन्य सामग्री खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य नहीं करेंगे। नोटबुक पर उसका मूल्य, आकार, पृष्ठ संख्या एवं अन्य विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य रहेगा।

## हनुमान जयंती के मद्देनज़र अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, निगम ने दी सख्त हिदायत



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में हनुमान जयंती के त्यौहार को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की विशेष कार्रवाई की गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट के सामने, नरसिंगपुर रोड ओवरब्रिज के नीचे, तिलक मार्केट स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने, अनगढ़ हनुमान मंदिर के पास तथा व्हीआईपी रोड रेलवे क्रॉसिंग के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रखे गए ठेले, गुमठियां एवं अन्य अवैध कब्जों को हटाकर मार्ग को सुगम बनाया गया, जिससे त्योहार के दौरान आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण करने वालों को अलाउंसमेंट (घोषणा) के माध्यम से सख्त चेतावनी दी गई कि हनुमान जयंती के दौरान एवं आगे भी सड़क पर अतिक्रमण न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि शहर की व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनें और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

## विधायक चौरे ने नागपुर में घायलों का जाना हाल चाल

**सौंसर।** ग्राम सिमरिया के पास हुई भीषण दुर्घटना के घायलों से मिलने और उनका ढांढस बंधाने के लिए क्षेत्रीय विधायक नागपुर पहुंचे। विधायक ने मेडिकल कॉलेज नागपुर में कोसम ढाना निवासी अजय सिल्लू ,बस कंडक्टर राकेश मालवीय से मुलाकात की। इसके उपरांत उन्होंने राठी अस्पताल पहुंचकर ग्राम पंचायत करेर के सचिव राम प्रकाश चोरिया (निवासी पिंडरई) के स्वास्थ्य की चिकित्सकों से जानकारी ली मुलाकात के बाद विधायक विजय चौरे नेस्पष्ट शब्दों में कहा कीज्जो व्यक्ति मेरे विधानसभा क्षेत्र का निवासी नहीं है,मैं उससे भी मिलने पहुंचा और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मैं व्यक्ति के दुःख को अपना समझकर उसका समाधान करना महत्वपूर्ण मानता हूँ, विधायक श्री चौरे ने विरोधियों की संकुचित मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो लोग भाजपा के बड़े पदों पर आसीन हैं, वे आज तक घायलों का हाल-चाल जानने तक नहीं पहुंचे। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या उनकी संवेदनाएं केवल चुनाव तक सीमित हैं। पीड़ित परिवारों की आर्थिक स्थिति और उपचार के भारी खर्च को देखते हुए सभी घायलों के इलाज का संपूर्ण खर्च सरकार वहन करे। घायलों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। आज तकघायलों के खातों में सरकार की ओर से कोई सहायता राशि नहीं पहुंची है, जो कि अत्यंत खेदजनक है।

## निगम में दीपक पाटनकर सेवानिवृत्त, पंकज यादव को सौंपा गया स्टेनो का प्रभार



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में कार्यरत सहायक ग्रेड–2 (स्टेनो टू कमिश्नर) श्री दीपक पाटनकर मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर नगर निगम सभाकक्ष में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त श्री सी.पी. राय, जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश सालोडे, उपायुक्त श्री कमलेश निर्गुणकर सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री दीपक पाटनकर ने 1 दिसंबर 1998 को अपनी सेवा प्रारंभ की थी और 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने लगभग 26 वर्षों तक निगम में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने निष्ठा, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए सहकर्मियों के बीच विशेष सम्मान और विश्वास अर्जित किया। अपने कर्तव्यों के निर्वहन में श्री पाटनकर ने सदैव अनुशासन, समयबद्धता और कार्य के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनके योगदान से न केवल प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आई, बल्कि संस्थान की गरिमा भी निरंतर बढ़ी। विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वस्थ, सुखद और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर निगम परिवार ने उनके योगदान को स्मरणीय बताते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर प्रशासनिक व्यवस्था के तहत पंकज यादव को स्टेनो (स्टेनोग्राफर) का प्रभार सौंपा गया है, जो आगामी समय में इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

## सांसद ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मृतक परिवार को दी सहायता राशि



**बिछुआ।** विकासखंड बिछुआ अंतर्गत ग्राम झामटा निवासी रवि धारे की विगत दिनों एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई थी,इस सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हुई थी एवं 30 से अधिक घायल हुए थे,आज मंगलवार को सांसद विवेक बंटी साहू के सुपुत्र वंश साहू ने झामटा पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की एवं सांसद द्वारा दी गई 50 हजार रुपए की राशि परिजनों को नगद भेट की,इस दौरान उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सांसद श्री हर मदद हेतु सेवा के लिए तत्पर है।इस दौरान मुख्य रूप से सांसद सुपुत्र वंश साहू,वरिष्ठ नेता अरविंद राजपुत,भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,रवि मालवी,दीपक चोपड़े,रजत वानखेड़े समेत परिजन मौजूद रहे।

## पांढुर्णा जल अभाव ग्रस्त घोषित, नए बोरवेल खनन पर पूर्ण प्रतिबंध, पेयजल संकट को देखते हुए प्रशासन सख्त

**पांढुर्णा।** मध्य प्रदेश के नवनिर्मित जिले पांढुर्णा में गिरते भू-जल स्तर और आगामी गर्मियों में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत जिले को "जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र" घोषित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से 15 जून 2026 या मानसून के आगमन तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार जिले के सभी सार्वजनिक जल स्रोतों—जैसे नदी, नाला, स्टॉपडैम और कुएं—का उपयोग अब केवल पेयजल एवं घरेलू कार्यों के लिए ही किया जा सकेगा, जबकि सिंचाई और औद्योगिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार के नए नलकूप (बोरवेल) के खनन पर रोक लगा दी गई है तथा किसी भी सरकारी पेयजल स्रोत के 150 मीटर के दायरे में निजी उत्खनन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि नलकूप खनन अत्यंत आवश्यक हो, तो इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा, जिन्हें इस प्रक्रिया का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (**PHE**) के सहायक यंत्री से तकनीकी अनुशंसा प्राप्त करना आवश्यक होगा और निजी नलकूप की गहराई सरकारी नलकूप से कम रखनी होगी। साथ ही आवेदकों को अपने परिसर में रूफ-टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि गंभीर जल संकट की स्थिति में निजी पेयजल स्रोतों का अधिग्रहण किया जा सकता है। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-9 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (**BNSS**), 2023 की धारा 223 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार और थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## टीईटी के खिलाफ एकजुट हुए शिक्षकः आंदोलन का ऐलान

**8 अप्रैल से जिला स्तर पर धरना, 18 अप्रैल को भोपाल में महा प्रदर्शन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध ने अब व्यापक रूप ले लिया है। प्रदेश के 14 अध्यापक-शिक्षक संगठनों ने मिलकर "अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा" का गठन किया है, जो अब इस मुद्दे पर सामूहिक संघर्ष करेगा।मोर्चा द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी तय कर दी गई है। इसके तहत 8 अप्रैल को सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, 11 अप्रैल को विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे, और 18 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय महा प्रदर्शन आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पात्रता परीक्षा को निरस्त कराने और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने की मांग को लेकर न्यायालयीन लड़ाई के साथ-साथ आंदोलन भी किया जाएगा।मोर्चा के सदस्य राजिक कुरैशी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश को निरस्त कराने के लिए ब्लॉक, जिला और भोपाल स्तर पर लगातार धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे।इस बैठक में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक संघ, शासकीय अध्यापक संगठन, प्रांतीय शिक्षक संघ, ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन, राज्य शिक्षक कांग्रेस सहित कई संगठनों के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए। छिंदवाड़ा और पांढुरना जिले से भी प्रतिनिधि मंडल ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## तामिया में रेत माफिया बेलगामः अवैध खनन पर प्रशासन मौन

# खबरों से बौखलाए खनन गिरोह, हरिभूमि के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

रात में पकड़े गए ट्रक-ट्रैक्टर छोड़ने की चर्चा, अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल

रेत माफिया का बोलबालाः तामिया में अवैध खनन और 'लेनदेन' के आरोपों से मचा हड़कंप

छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील इन दिनों अवैध रेत खनन और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में है। प्रतापगढ़-बादला क्षेत्र में वर्ष 2016 तक वैध रूप से संचालित रेत खदान के बंद होने के बाद से यहां किसी भी खदान को आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली, बावजूद इसके अवैध रेत उत्खनन लगातार जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पूरा कारोबार वर्षों से अधिकारियों के कथित संरक्षण में फल-फूल रहा है, जिसने छोटे स्तर के रेत चोरों को अब संगठित माफिया का रूप दे दिया है।स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि रेत माफिया अब खुलेआम प्रशासनिक अमले को चुनौती देने लगे हैं।

हाल ही में खनिज विभाग के एक निरीक्षक द्वारा अवैध रेत से भरे ट्रक और ट्रैक्टर को पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन माफिया ने पथराव कर वाहन छुड़ा लिए। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस घटना के बाद भी तामिया थाने में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और न ही वरिष्ठ अधिकारियों ने अपेक्षित कार्रवाई की। इस ढिलाई ने माफिया के हौसले और बढ़ा दिए।

इसी तरह वन विभाग के कर्मचारियों के साथ भी दबाव और लालच की स्थिति सामने आई है। पहले कर्मचारियों को 'मंथली' का प्रलोभन दिया जाता है और जब वे नहीं मानते, तो उनके साथ अभद्रता और मारपीट तक की घटनाएं सामने आती हैं। कुछ महीने पहले नाकेदारों द्वारा रेत चोरी पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन माफिया ने उनसे मारपीट कर वाहन छुड़ा लिए।

इस मामले में भी औपचारिक एफआईआर दर्ज नहीं हुई और कर्मचारियों को मजबूरी में उच्च अधिकारियों के समर्थन के अभाव में समझौते की स्थिति में आना पड़ा।हाल ही में दौरियाखेड़ा क्षेत्र में तहसीलदार द्वारा एक मिनी ट्रक रेत चोरी करते हुए पकड़ा गया, लेकिन माफिया के दबाव में पंचनामा बनने के बावजूद वाहन को छोड़ना पड़ा। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि तामिया क्षेत्र में रेत माफिया का प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि प्रशासनिक कार्रवाई भी उनके सामने कमजोर पड़ती नजर आ रही है।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान भी रेत से भरे वाहन खुलेआम निकलते देखे गए, जिससे उनके प्रभाव और नेटवर्क की गहराई का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह स्थिति अब आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

इधर, अवैध रेत खनन के खिलाफ लगातार खबरें प्रकाशित करने वाले समाचार पत्र हरिभूमि की रिपोर्टिंग से रेत माफिया और कुछ अधिकारी नाराज बताए जा रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित खबरों के बाद अब माफिया तत्वों द्वारा संगठित होकर हरिभूमि के खिलाफ विरोध की तैयारी किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यदि मीडिया की आवाज को इस तरह दबाने का प्रयास होता है, तो यह न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा, बल्कि शासन-प्रशासन की निष्पक्षता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे मामले में क्या रुख अपनाते हैं क्या वे अपने मातहतों को सख्त कार्रवाई के निर्देश देंगे या फिर किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जाएगा।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह 2 अप्रैल को

**जुन्नारदेव।** नगर के प्रमुख आराध्य स्थल श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में वर्षों की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। आगामी 2 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार को आयोजित इस श्री हनुमान प्रकट उत्सव समारोह में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे प्रातः 5:00 बजे से भगवान श्री हनुमान जी का जन्म, अभिषेक प्रारंभ होगा। तत्पश्चात हवन, पूजन आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के समस्त सदस्य एवं भक्तजन उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात शाम 5 बजे से स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से भगवान श्री हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग में भ्रमण करने के पश्चात इस शोभायात्रा का समापन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में किया जाएगा। यहां पर श्री हनुमत लला की भव्य आरती की जाएगी तथा पुरस्कार वितरण उपरांत भंडारा का आयोजन भी किया गया है। बीते लगभग 48 वर्षों से श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा लगातार श्री हनुमान प्रकट उत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी इस पावन अवसर पर यह आयोजन की श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। यह विशाल शोभायात्रा शाम 5 बजे से श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, श्री राम मंदिर से होते हुए लोको रोड पहुंचेगी। लोको रोड से यह शोभा यात्रा गांधी चौक पहुंचेगी। इसके पश्चात श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक से होते हुए यह विशाल शोभायात्रा पुरानी बस्ती जा पहुंचेगी।

## नपा व जनपद पंचायत की अनियमितताओं, महंगाई और बढ़ती बिजली-गैस कीमतों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस का धरना

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर पालिका परिषद एवं जनपद पंचायत जुन्नारदेव में कथित भारी अनियमितताओं , भ्रष्टाचार तथा लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव द्वारा पुराने बस स्टैंड पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद एवं जनपद पंचायत में विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे आम जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। नेताओं ने कहा कि स्थानीय प्रशासन और सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह असफल साबित हुई है।प्रदर्शन के दौरान गैस सिलेंडर की मूल्यवृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी तथा पेट्रोल-डीजल की कमी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त है और भाजपा सरकार राहत देने के बजाय जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है।सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति के कारण आम नागरिक परेशान है और कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष जारी रखेगी।कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि नगर पालिका एवं जनपद पंचायत की अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए

## गैस की किल्लत से जूझ रहा घोडावाड़ी ग्राम, उपभोक्ता परेशान



घोडावाड़ी ग्राम में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत देखने को मिल रही है, जिससे आम उपभोक्ता खासे परेशान हैं। वैश्विक तेल संकट का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच चुका है और इसका सीधा प्रभाव यहां के गैस उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।ग्रामवासियों का कहना है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने के बाद भी कई दिनों तक उन्हें गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। स्थिति यह है कि लोग बार-बार भारत गैस नाहर एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।गैस की इस कमी के चलते लोगों को मजबूरन पुराने साधनों जैसे लकड़ी और कोयले पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे न केवल परेशानी बढ़ रही है बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

## शराब दुकान खोलने के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सौंसर।** मोहगांव हवेली के मुख्य मार्ग और शैक्षणिक क्षेत्र के समीप शासकीय मदिरा दुकान को पुनः संचालित किए जाने की सुगबुगाहट ने नगरवासियों में आक्रोश पैदा कर दिया है। मंगलवार को मोहगांव के नागरिकों ने सौसर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शराब दुकान को वर्तमान में नगर के बाहर ही यथावत रखा जाना चाहिए,ज्ञापन में नागरिकों ने उल्लेख किया कि मोहगांव एक धार्मिक नगरी है, जहाँ विश्वप्रसिद्ध अर्धनारीश्वर मंदिर सहित विभिन्न धर्मों के आस्था केंद्र स्थित हैं। जिस स्थान (एमपीईबी कार्यालय के सामने) पर दुकान खोलने की चर्चा है, वह क्षेत्र नगर का मुख्य भाग है। यहाँ पास ही स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, सार्वजनिक उद्यान और पेट्रोल पंप स्थित हैं। नगरवासियों का कहना है कि पूर्व में जब यहाँ दुकान संचालित थी, तब शराबियों और असामाजिक तत्वों के कारण क्षेत्र का माहौल अत्यंत दूषित हो गया था। राह चलती महिलाओं और छात्राओं के साथ अभद्रता की घटनाएं आम थीं। यदि पुनः यहाँ दुकान शुरू होती है, तो बेटियों और विद्यार्थियों में असुरक्षा और भय का माहौल फिर से व्याप्त हो जाएगा। नगर की शांति और शालीनता बनाए रखने के लिए शराब दुकान को आबादी क्षेत्र से दूर रखना अनिवार्य है। हम अपने बच्चों के भविष्य और महिलाओं की सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से सैय्यद जुबेर अली, जया बनवाकर, राधिका, अंकुश ऊईके, संतोष, सैफ अली ,आदि उपस्थित थे।

## श्री हनुमान जी प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा



**दमुआ।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड दमुआ के तत्वाधान में विशेष बैठक आयोजित की गई बैठक मे मुख्य रूप से श्री हनुमान जयंती जन्मोत्सव मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई बैठक दिनांक 29 मार्च दिन रविवार को स्थान श्री श्री खेडापति माता मंदिर शक्तिपीठ दमुआ में रखी गई थी जहां श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व को धूमधाम से मनाये जाने को लेकर सभी ने अपने विचार रखे श्री राम दरबार एवं श्री हनुमान जी की मनमोहक झांकी सहित भव्य शोभा यात्रा निकाली जावेगी रैली अवागमन का रूट रास्ता तय किया जावेगा रैल झांकी सम्पूर्ण दमुआ नगर का भम्रण करेगी जो पं. दीनदयाल चैक दमुआ मे सभी भक्तो का एकत्रीकरण होगा तथा समापन हमारे हनुमान मंदिर दमुआ मे होगा रैली का स्वागत सम्मान करने के सबंध में नागरिकों एवं व्यापारी दुकानदारो से आग्रह करना होगा ताकि उक्त कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न हो सके सभी धर्मप्रेमियों से आगे आकर बढचढकर भाग लेकर धार्मिक कार्यक्रम श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान सफल बनाने का अनुरोध किया गया है।

# भक्ति भाव से मनाया 2625 वां तीर्थंकर महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में चैत्र सुदी तेरस के शुभ दिन सकल जैन समाज ने अहिंसा के प्रणेता एवं जियो और जीने दो के उद्घोषक वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2625 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया।प्रातः काल की मंगल बेला पर प्रभात फेरी से महोत्सव का शुभारंभ हुआ पश्चात कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज सहित नगर के समस्त जिनालयों एवं चैत्यालयों में श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ तीर्थंकर महावीर पूजन कर 2625 वें महावीर जन्मकल्याणक की खुशियां मनाई गई।इस अवसर पर विशाल चल समारोह निकला गया जिसमे रजत विमान में तीर्थंकर महावीर भगवान के मनोहारी जिनबिंब, ग्रन्थराज श्री समयसारजी विराजमान हुए जिनके साथ दिगंबर महामुनिराज श्री निर्वेग सागर जी महाराज ससंघ ने चल समारोह की शोभा बढ़ाई, जिनके मंगल सानिध्य में हजारों की संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने मंगलगान के साथ जयघोष करते हुए नगर का भ्रमण किया ओर सभी ने मिलकर परम पवित्र जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

ऐतिहासिक एवं भव्य चल समारोह का सकल जैन समाज सहित विविध सामाजिक संगठनों ने जगह जगह आत्मीय स्वागत किया ओर मंगल आरती सहित चंबर नृत्य कर अपनी मंगल भावना प्रगट करते हुए एक दूसरे को श्री वीर प्रभु के 2625 वें जन्मकल्याणक की शुभकामनाएं दी।नगर भ्रमण करते हुए चल समारोह अहिंसा स्थली गोल स्थित श्री चंद्रप्रभु जिनालय पहुंचा जहां श्रीजी का अभिषेक कर वेदी पर विराजमान किया गया।

# लोगों को राजा बलि की तरह दृढ़ संकल्पित होना चाहिए : द्विवेदी



**बिछुआ।** विकासखण्ड मुख्यालय बिछुआ से 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम झामटा में इन दिनों भक्ति की गंगा बह रही है। झामटा में श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 27 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जा रहा है। सोमवार की रात्रि कथा में लवकुश नगर छतरपुर से आयीं प्रसिद्ध कथा वाचक आरती द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण के वामन अवतार की मनमोहक अंदाज में वर्णन में किया। उन्होंने ने कहा कि लोगों को राजा बलि की तरह दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। जिन्होंने ने अपने संकल्प की पूर्ति हेतु अपना सर्वस्व दान कर सत्य रूपी भगवान श्रीकृष्ण का अनुग्रह प्राप्त कर लिया। कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में ग्राम सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंच रहें हैं।

# शिशु रोग विशेषज्ञ की रखी गई मांग, क्या जिला अस्पताल में भी नहीं शिशु रोग विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विधानसभा के पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया से सोमवार को कुछ स्थानीय पत्रकारों ने वर्तमान राजनीतिक परिवेश पर चर्चा की । इसी चर्चा के दौरान पत्रकारों ने परासिया अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराने की मांग भी रखी । इसके बाद पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने जिला चिकित्सा अधिकारी से फोन पर बात की , तो पता चला , कि जिला अस्पताल में भी शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है । यदि यह सच है तो स्थिति बहुत गंभीर है । बता दें , कि परासिया में हुए बहुचर्चित कफ सिरप कांड मामले में परासिया के शिशु रोग विशेषज्ञों को जेल भेज दिया गया है । इसके बाद से सिविल हॉस्पिटल परासिया में एक भी शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है । जिसके चलते लोगों को अपने बच्चों के इलाज के लिए छिंदवाड़ा जाना पड़ रहा है । जब पत्रकारों ने चर्चा के दौरान परासिया में एक भी शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं होने की बात कही तो , पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने तत्काल जिला चिकित्सा अधिकारी को परासिया सिविल अस्पताल में स्थाई या अस्थाई तौर पर शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराने की बात कहीं । जिस पर श्री बावरिया को जिला चिकित्सा अधिकारी की तरफ से जवाब मिला , कि जिला अस्पताल में ही शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है । जिला चिकित्सा अधिकारी के इस जवाब से दो बातें सामने आ रही है , या तो वह झूठ बोल रहे हैं और यदि वास्तव में यह सही है तो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान उठते हैं । गर्मी शुरू हो गई है , इस मौसम में बच्चों में स्वास्थ्य बिगड़ने की शिकायत ज्यादा आती हैं , ऐसी स्थिति में जब जिले में कहीं भी सरकारी अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ यदि नहीं है , तो लोगों को मजबूरी में निजी अस्पतालों की तरफ अपना रुख करना होगा । जहां लोगों को किस तरह आर्थिक रूप से लूटा जाता है यह जग जाहिर है । परासिया जैसी जगह में शिशु रोग का नहीं होना यहां के लोगों के लिए और अधिक आर्थिक नुकसान देह साबित हो रहा है । बहरहाल श्री बावरिया ने इस मामले में मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर परासिया अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है । वर्तमान राजनैतिक परिवेश पर जताई चिंता :- वर्तमान राजनैतिक परिवेश पर श्री बावरिया ने चिंता व्यक्त की । उन्होंने हाल ही में हुई एल्डर मैनों की नियुक्ति पर नाराजगी जताई उनका मानना है । उन्होंने कहा , कि वर्तमान में जिस तरह से पार्टी के वरिष्ठों की जो अपेक्षा की जा रही है , वह भविष्य में पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित होगा । उन्होंने वर्तमान राजनीति में अपनी सक्रियता को लेकर कहां की पार्टी पदाधिकारी जो आदेश देते हैं।

## शिक्षक दुलीचंद बरगैया की सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पितकोना, उच्च श्रेणी शिक्षक दुलीचंद बरगैया 31 मार्च 2026 को शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हो गये। उनकी प्रथम नियुक्ति 23 जून 1986 को राजनांदगांव जिला में हुई थी।सेवानिवृत्ति समारोह में ओमप्रकाश डोहरे, राधेश्याम घुले, घनश्याम बसोने, तुकाराम घोरमारे, कैलाश हरिणखेड, सपनील येड़े, विवेक कुमार खोगंल, तिलकचंद नारनौरे, प्रकाश बुर्रे, नरेश गजबे, डुडेश्वर गुरदे, मनोज मोरघडे, चदेले सर, सुशील येडे, महेश बिसेन, शिवकुमार बनोठे, निरंजन ठाकरे, किशन बागड़े, रूपलाल चौधरी, गामेश्वर हरिणखेड़े, अनिल कुमार मडावी, नवनीत गोड़ाने, बोरकर सर, संतोष रामटेक्कर, कृष्णकुमार लिल्हारे व अन्य शिक्षक साथियों ने उपस्थित होकर उन्हें बिदाई दी।शाला प्रबंधन समिती के समस्त सदस्यगण और ग्रामिणजन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। सभी ने बरगैया जी को आगे जीवन सुखमय और स्वस्थ स्वास्थ्य की कामना की।

# पंचायत क्षेत्र के हर नागरिक को पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : सरपंच अनीता राणा

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।





जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टेंगनी खुर्द मे पंचायत वासियों को पेयजल की हो रही समस्या को जानने के लिए मीडिया द्वारा जमीनी हकीकत से रूबरू होने और समस्या को जानने के लिये ग्राम टेंगनी खुर्द के अनेको ग्रामीणों से चर्चा की गई ग्रामीण खुमान सिंह ठाकरे ने बताया कि हमारे घर में नल का कनेक्शन है और हमें पेयजल मिल रहा है वहीं दूसरे ग्रामीण टेंगनीखुर्द निवासी रंजीत गौतम ने बताया कि हमारे घर में नल का कनेक्शन है और पानी हमें नियमित मिल रहा है इसके पूर्व के वर्षो में पानी नहीं मिलता था लेकिन जब से गर्मी शुरू हुई है तबसे पानी मिल रहा है. पानी की कोई समस्या नहीं है नल चालक धरम नगपूरे ने बताया कि ग्राम टेंगनी खुर्द,साले बर्री में पर्याप्त पानी दिया जा रहा है वही टेंगनीटोला में भी पानी जा रहा है लेकिन कुछ स्थानों पर पानी नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है जिसकी वजह मीडिया के द्वारा जानने का प्रयास किया गया तो हकीकत सामने आई। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के वर्षों में नल जल योजना में ठेकेदार के द्वारा मेंन पाइपलाइन बिछाने में की गईं लापरवाही का दंश टेंगनी टोला के कुछ ग्राम वासियों को भोगना पड़ रहा है उन्हें पेयजल नसीब नहीं हो रहा है जब ग्रामीणों की गंभीर समस्या पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी विजय कुमार तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही ग्राम टेंगनी टोला के अछूते वासियो को जिन्हें पेयजल नहीं मिल रहा था उनको जल्द ही उनके घरों के नल से पानी मिल जाएगा।

### इनका कहना हैं

आपने बताया है मैं निरीक्षण करता हूं और टेंगनी खुर्द के ग्राम टेंगनी टोला में भी जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो जायेगा ।

**विजय कुमार तिवारी,**
**एसडीओ, पी. एच. ई. विभाग**

## भाजपा व पूर्व विधायक के कार्यकर्ताओं को किया गया समाहित

# साढ़े 3 साल बाद नगरपालिका में 6 एल्डरमेन मनोनीत

### भाजपा से दीप, सौरभ व मिथुन तथा पूर्व विधायक के कोटे से गिरधारी, मनोज व दीपलता बने एल्डरमेन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगरपालिकाओं व नगर परिषदों के साढ़े 3 साल बीतने के बाद आखिरकार प्रदेश सरकार ने उनमें एल्डरमेनों को मनोनीत कर लगभग डेढ़ साल बाद होने वाले चुनावों के व्यूहरचना बनाने की तैयारी करनी प्रारंभ कर दी है। विदित हो कि नगरपालिका व नगर परिषदों के चुनाव वर्ष 2022 की जून-जुलाई में हुए थे। उसके बाद से इनमें एल्डरमेनों की नियुक्ति की प्रक्रिया का इंतजार भाजपा के नगरीय क्षेत्र के कर्मठ कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार की जा रही थी। लेकिन सत्ता व संगठन में तालमेल की कमी कहे या फिर विभिन्न चुनावों के कारण सत्ता में बैठी हुई भाजपा को एल्डरमेन बनाने के लिए समय नहीं मिलना रहा हो। किंतु आखिरकार सत्ता व संगठन के तालमेल के बाद एल्डरमेन के नामों की घोषणा कर दी गई है।

प्रदेश शासन द्वारा नगरपालिका परिषद वारासिवनी में 6 एल्डरमेनों को मनोनीत किया गया है। जिसमें भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष दीप गनपत राव चौहान वार्ड नम्बर 6, मिथलेश लालदास बुरडे वार्ड नम्बर 11, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष गिरधारी मोहन चिमनानी वार्ड नम्बर 5, मनोज देवाजी लिल्हारे वार्ड नम्बर 3, पूर्व पार्षद दीपलता हेमंत देशमुख वार्ड नम्बर 6 व प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी पूर्व सदस्य सौरभ ढालसिंह पटले वार्ड नम्बर 3 एल्डरमेन मनोनीत किया गया है।

शासन द्वारा नगरपालिका चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है, लेकिन भाजपा द्वारा घोषित एल्डरमेनों की सूची में एकमात्र महिला दीपलता देशमुख को ही एल्डरमेन बनाया गया है। देखा जाए तो 50 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से 6 में से 3 महिला एल्डरमेन बनाई जाना था। इस प्रकार भाजपा में सक्रियता के साथ पार्टी का कार्य करने वाली महिलाओं की भाजपा द्वारा उपेक्षा की गई है।

भाजपा ने जिन 6 लोगों को एल्डरमेन मनोनीत किया है, उनमें से 3 एल्डरमेन दीप गनपतराव चौहान, सौरभ टेबू ढालसिह पटेल एवं मिथलेश लालदास बुरडे भाजपा के वर्षो से सदस्य रहे है। वहीं अन्य तीन एल्डरमेन दीपलता हेमंत देशमुख, गिरधारी मोहन चिमनानी व मनोज देवाजी लिल्हारे पहले कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता थे, उसके बाद वह पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के साथ विधानसभा चुनावों के समय भाजपा में शामिल हुए है। इस प्रकार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दोनों ही पक्षों का साधने का प्रयास किया है।

# लांजी में बीज बैंक का शुभारंभ, पारंपरिक बीजों को बढ़ावा देने का प्रयास

### बीज बैंक का शुभारंभ, स्व-सहायता समूहों की भागीदारी से परंपरागत खेती को बढ़ावा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** म.प्र.राज्यं ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला पंचायत बालाघाट मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक शराफ एवं राज्ये ग्रामीण आजीविका मिशन बालाघाट के जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री स्वेता महतो के मार्गदर्शन में विकासखण्ड लांजी में संचालित पहल आजीविका संकुल स्तरीय संगठन ग्राम कारंजा में बीज बैंक का शुभारंभ किया गया एवं प्राप्त बीजो को बढाने के लिए बीज बैंक सखी उमेश्वरी मच्छिरके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सामुदायिक बीज बैंक का शुभारंभ लांजी विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा पूजन अर्चन एवं फिता काटकर किया गया।उक्त अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखण्डै प्रबंधक राजाराम परते ने सामुदायिक बीज बैंक की महता एवं पारम्परिक बीजो को बढावा देने के लिए बीज संरक्षण हेतु बीज बचाने के लिए चर्चा की गई किसानो को गुणवंता पूर्ण बीज के उपलब्धमता हो जैसे कोदू ,कुटकी, ज्वाकर, बाजरा, मंडिया, कुल्थीम, कासी सेमी, छोटी चनोली, छोटी बटरी, पोपट, चना, मसुर, मुंग, मक्काा, उडद, हल्दी , मिर्ची, दनिया, तुअर एवं विभिन्नु प्रकार के धान, गेंहू देशी सब्जी बीज आदि फसलो को बढावा देना एवं प्रोत्साहित करने हेतु सलाह दी गई। इस अवसर पर विघायक महोदय द्वारा भविष्य में गोदाम उपलब्धि कराने की घोषणा की गई।कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी सौरव माथुरकर ने इस नवाचार सराहना करते हुए कहा की स्व सहायता समूहों की भागीदारी से परम्परागत खेती को बढावा मिलेगा और रासायनिक उर्वरकों व कीट नाशकों के दुष प्रभावों से बचा जा सकेगा उन्होंने विभाग की ओर से हर संभव सहयोग का आशवासन दिया। इस अवसर पर पहल संकुल स्तरीय संगठन के अध्यक्ष सरीता मस्कारे, सचिव स्वाति नगपुरे एवं संकुल स्तारीय संगठन में कार्यरत सीआरपी दीदी एवं विकासखण्डं स्तर में संचालित समस्त सीएलएफ के सक्रीय सदस्य उपस्थित रहें।

## जैन मंदिर में विशेष पूजा और गणेश भवन में प्रवचन का आयोजन

# महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करूणा के शाश्वत सिद्धातों से पूरे विश्व को आलोकित करने वाले जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती 31 मार्च मंगलवार को पूरे देश में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बालाघाट जिले के कटंगी में सकल जैन समाज के द्वारा महावीर जयंती पर्व को बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह साढ़े 09 बजे स्थानीय जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सकल जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में महिलाएं-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चों के द्वारा भगवान महावीर स्वामी के गगनचुंबी नारे लगाए गए। जिससे पूरा शहर गूंज उठा। शहर महावीर स्वामी के भक्ति के रंग में डूबा हुआ नजर आया। शोभायात्रा ने सिनेमा चौक, सिवनी रोड़, राममंदिर गली से होकर बस स्टेंड का भ्रमण करने के बाद यथास्थान पर विराम लिया। मंदिर में सुबह विशेष पूजा अर्चना, महाआरती और धर्म ध्वजारोहण किया गया। जैन समाज के अनुयाईयों ने महावीर जयंती पर अहिंसा और करुणा के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। यह पर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव का प्रतीक है। जो भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के संदेश के जरिए समाज को मार्गदर्शन प्रदान करता हैं। महावीर जयंती से पूर्व ही नगर के श्री गणेश भवन में जैन साधु के द्वारा प्रवचन दिया जा रहा है जहां हर दिन जैन समाज के लोग पहुंचकर धर्म लाभ कमा रहे है। भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। वहीं शाम में मंदिर परिसर के सामने भजन संध्या का भी आयोजन हुआ।

# बड़ा श्रीराम मंदिर पुर्ननिर्माण की रुपरेखा बनाने के लिए नागरिकों की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वर्षो पुराने बड़ा श्रीराम मंदिर को भव्य रूप प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार की रात्रि में श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में नगर के सर्वसमुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में मौजूद नागरिकों ने मंदिर को भव्य रूप में बनाने हेतु अपनी-अपनी राय दी। बैठक में समिति के गठन, कार्यकारिणी का निर्माण, नक्शा बनवाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। विदित हो कि मंदिर निर्माण की यह पहल समाजसेवी प्रमोद तम्मू खंडेलवाल और उनके साथियों की ओर से की गई है।

बैठक में चर्चा के दौरान बताया गया कि बड़ा श्रीराम मंदिर की लगभग 65 एकड़ जमीन है। मगर कुछ लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर कब्जा कर लिया गया है। जिसके कारण लगभग 45 एकड़ ही जमीन बची हुई हैं, जिसके कागजात समिति के पास मौजूद है। मंदिर की भूमि को संरक्षित किया जाएगा, उस जमीन को बेचा नहीं जाएगा। बल्कि सभी के सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

बैठक में पूर्व विधायक डॉक्टर योगेंद्र निर्मल ने कहा कि लंबे समय से मंदिर निर्माण को लेकर चर्चा हो रही थी। बहुत खुशी की बात है कि बहुत जल्द समिति का गठन करके मंदिर का निर्माण किया जाएगा। मंदिर निर्माण के साथ ही विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी बनाने की बात सभी ने रखी है। मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण करने की बात समाने आई हैं, उसे भी मुक्त करवाया जायेगा और बहुत जल्द मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जायेगा।

बैठक में विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान चाहे तो रावण को अकेले मार सकते थे। उन्होंने शबरी के झूठे बेर खाए और सामाजिक समरता का परिचय दिया। नल, नीर, सुग्रीव को उन्होंने जमा किया और मिलकर रावण को मारा। हम भी सभी लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण करेंगे। कौन व्यक्ति क्या बोल रहा है? हमें उसकी बातों पर ध्यान नहीं देना है। बस हमें मंदिर का निर्माण करना है। यह खुशी का पल है। लंबे इंतजार के बाद अब भव्य रूप में मंदिर का निर्माण किया जाएगा। हम भगवान राम को मानने वाले सनातन धर्म के लोग है। बहुत जल्द मंदिर की ड्राइंग डिजाईन और बजट सभी के समक्ष रखा जाएगा और सभी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हर घरों से दान राशि ली जाएगी। चाहे कोई कितना भी दान दे, सभी का सहयोग मंदिर बनाने में लिया जायेगा।

# गेहूं की फसल में भीषण आग, अन्नदाता को लाखों का नुकसान, समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

**जिले के केवलारी विधानसभा अंतर्गत आने वाले पलारी क्षेत्र में एक बार फिर आगजनी की घटना ने किसानों की मेहनत को खाक कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**कृषि क्षेत्र में मिनी पंजाब के रूप में पहचान रखने वाले इस इलाके में 29 मार्च को नवीन पलारी निवासी किसान अंगूर ठाकुर के खेत में अचानक आग लग गई, जिससे गेहूं की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका, जिससे किसान को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।**

स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के समय फायर ब्रिगेड समय पर मौके पर नहीं पहुंची, जिसके चलते आग तेजी से फैलती चली गई



और पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर अग्निशमन वाहन उपलब्ध होता तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था।

पलारी क्षेत्र, जो भीमगढ़ जलाशय और संजय सरोवर परियोजना के चलते सिंचित होकर प्रदेश का प्रमुख कृषि क्षेत्र बना, वहां आज भी फसलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव देखने को मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि वर्षों से इस क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं होती रही हैं, लेकिन स्थायी समाधान के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह मुद्दा गर्माता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने वर्तमान कांग्रेस विधायक ठाकुर रजनीश सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में किसानों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं, पूर्व भाजपा विधायक राकेश पाल सिंह के कार्यकाल का हवाला देते हुए कुछ लोगों ने बताया कि उस समय क्षेत्र में आग से बचाव के लिए पुलिस थानों और चौकियों में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना भी है। किसानों ने सवाल उठाया है कि यदि समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं की जातीं, तो आज अन्नदाता को अपनी सालभर की मेहनत यूं जलते हुए नहीं देखनी पड़ती।इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और किसान प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र में स्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए।

## खबर संक्षेप

### श्री परशुराम जयंती आयोजन को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष भगवान श्री परशुराम के प्राकट्य उत्सव (अक्षय तृतीया) को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी समाज द्वारा भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। उक्त आयोजन की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से जिला ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक जिला अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 1 अप्रैल 2026, बुधवार को शाम 4:30 बजे से आयोजित होगी। बैठक का आयोजन नव शक्ति सीमेंट ऑफिस, महावीर मढिया, सिवनी में किया जाएगा। इसमें समाज की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति विशेष रूप से अपेक्षित है। जिला अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं समाजजनों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

### सडक़ हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी ग्राम में सोमवार, 30 मार्च की रात एक सडक़ हादसे में एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन ने सडक़ किनारे खड़ी उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं चालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, राहुल विश्वकर्मा (40 वर्ष) अपनी पत्नी आरती विश्वकर्मा (35 वर्ष) के साथ अपनी बाइक के पास खड़े थे। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी उछलकर सडक़ पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सडक़ दुर्घटना में दंपती के घायल होने की सूचना मिली थी।

### नंदिकेश्वर धाम में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया नवरात्रि पर्व

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी के शुभ हस्ते प्राण प्रतिष्ठित सिद्ध श्री माता राज राजेश्वरी मंदिर नंदिकेश्वर धाम में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ नवरात्रि पर्व मनाया गया। ज्ञातव्य हो कि प्रत्येक वर्षानुसार श्री माता मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में वैदिक विधि विधान से श्री माता राज राजेश्वरी के 81 मनोकामना कलश स्थापित किए थे। इस शुभ अवसर पर प्रतिदिन लगातार श्री माता मंदिर में विविध प्रकार से भक्त गणों द्वारा माता रानी का सहस्त्र अर्चन व पूजन किया गया। सप्तमी के दिन ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी द्वारा 108 साडिय़ों के द्वारा माता रानी का अर्चन किया गया।

# गंगा नगर स्थित माँ जगदंबा मंदिर परिसर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन

### विशाल भंडारा व शोभायात्रा का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के गंगा नगर स्थित माँ जगदंबा मंदिर परिसर में आगामी 1 एवं 2 अप्रैल 2026 को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजनों की तैयारियाँ जोरों पर हैं। हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि, श्रीराम नवमी एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी की संभावना है। कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल 2026, बुधवार को मंदिर प्रांगण से सायं 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की झांकियाँ, भजन-कीर्तन एवं आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने वाली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे। वहीं 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे से प्रारंभ होने वाले इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति द्वारा सभी भक्तों से सपरिवार उपस्थित होकर



पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

माँ जगदंबा मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जिसमें सभी वर्गों के लोग बढ़-चढक़र भाग लेते हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# करनपुर में सचिव बिहारी सेन को भावभीनी विदाई, ग्रामीणों की आंखें हुई नम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

लखनादौन जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर में सचिव बिहारी सेन के सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती रुक्मणी नामी, पंचगण, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें वक्ताओं ने श्री सेन के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें एक कर्मठ, ईमानदार एवं जनसेवक अधिकारी बताया। इसके पश्चात उन्हें पुष्पहार पहनाकर, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सरपंच श्रीमती रुक्मणी नामी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहारी सेन ने अपने सेवाकाल के दौरान करनपुर, चुलगांव एवं सिरमंगनी ग्राम पंचायतों में उल्लेखनीय विकास कार्य कराए। उन्होंने सदैव ग्रामीणों की समस्याओं



का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया। उनके कार्यकाल में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रही, जिससे ग्रामवासियों का विश्वास मजबूत हुआ।

ग्रामीणों ने भावुक होकर बताया कि श्री सेन का व्यवहार सदैव सरल एवं मिलनसार रहा। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों के साथ समान रूप से कार्य किया, जिससे वे सभी के प्रिय बने रहे।

अपने उद्बोधन में बिहारी सेन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों का भरपूर स्नेह एवं सहयोग मिला, जिसे वे जीवनभर नहीं भूलेंगे। उन्होंने सभी को ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

# बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ होगा शिखर कलश स्थापित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी के बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड समता नगर कॉलोनी में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना दिनांक 2 अप्रैल 2026, हनुमान जन्मोत्सव, चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा,विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948 अभिजीत मुहूर्त, अमृत काल में, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्रीमाता राजराजेश्वरी दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक कलश का पूजन,अभिषेक कर मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया जाएगा। जिसके साक्षी बनेंगे आप,हम,साधु संत एवं हजारों श्रद्धालुजन।

पंडित मोहन पांडे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्मित मन्दिर नगर के प्रतिष्ठित परिवार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे स्वर्गीय चंद्रभान सिंह एवं स्वर्गीय श्रीमती तारा देवी की स्मृति में उनके सुपुत्र जितेन्द्र सिंह(पत्रकार)द्वारा उनके निज निवास बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर के प्राचीन वट वृक्ष में भगवान शिवजी का मन्दिर एवं शिव परिवार की स्थापना बीते वर्ष दिनांक 5 अगस्त 2025 दिन मंगलवार,शक संवत 1947, विक्रम संवत 2082, मास श्रावण,शुक्ल पक्ष, तिथि पुत्रदाएकादशी, नक्षत्र ज्येष्ठा, मंगला गौरी व्रत,अभिजित मुहूर्त में की गई थी। वहीं इनके द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2026 फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी भगवान शिवजी के प्राकटोत्सव शिवरात्रि के दिन सवा क्विंटल वजनी त्रिशूल महाकाल मंदिर मठ से दर्शन करा कर बैंडबाजों,विशाल शोभायात्रा, नगर भ्रमण उपरांत बारापत्थर वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित किया गया है। मन्दिर के कर्ता-धर्ता जितेन्द्र सिंह(पत्रकार) ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा तथा देवलोक एवं पितृलोकवासी माता-पिता के आशीर्वाद से करोड़ों वर्ष के पुण्य प्राप्त हुए होंगे तब हमें इस जन्म में भगवान शिवजी का मन्दिर निर्माण, त्रिशूल स्थापना एवं शिव परिवार जिसमें भगवान शिवजी, माता पार्वतीजी, श्री गणेशजी, श्रीकार्तिकेयजी, नंदीजी व श्रीकीर्तिमुखजी सहित स्थापना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

वहीं आचार्य पंडित राजेंद्र पांडेजी ने इस संबंध में कहा कि सनातन धर्म में मन्दिर निर्माण, त्रिशूल स्थापना, मूर्ति स्थापना एवं देवाधिदेव महादेव पूजन का विशेष महत्व होता है। अपने आराध्य-पूज्य के मूर्त रूप को स्थापित करना व उसमें प्राणों की प्रतिष्ठा करना धर्म है। जिसके लिए धर्मनिष्ठ जितेंद्र सिंह,धर्मपत्नी राजेश्वरी सिंह, सुपुत्र वीर सिंह एवं सुपुत्री अवीरा सिंह ने इस धर्म को निभाया है। अतः भगवान देवाधिदेव महादेव की कृपा हमेशा इस परिवार पर बनी रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, ग्रामीणों ने घेरा बंडोल थाना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

बंडोल थाना क्षेत्र के कलारबाकी इलाके से लगभग 8 से 10 गांवों के 400 से 500 ग्रामीण महिला-पुरुष सोमवार को एकजुट होकर बंडोल थाना पहुंचे और अवैध शराब बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हर गांव में 3 से 4 जगह खुलेआम देशी और कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। इसके कारण गांवों में आए दिन शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज और अशांति का माहौल बन रहा है, जिससे महिलाएं और परिवार परेशान हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि अवैध शराब पर कार्रवाई करने वाला आबकारी विभाग ठेकेदारों और कच्ची शराब बेचने वालों को




संरक्षण दे रहा है, जिसके कारण यह कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई कर अवैध शराब बिक्री बंद नहीं कराई गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। फिलहाल बंडोल पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### सूने मकान में लाखों की चोरी, नगदी व जेवर ले उड़े अज्ञात चोर

**बंडोल/सिवनी-** बंडोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम थावरी में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश साहू एवं हेमंत साहू के घर पर कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

चोर घर में रखी लगभग 50 हजार रुपये नगद सहित सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।सूचना मिलने पर बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

# जिले के कार्यकर्ता सम्मानित, राज्य स्तरीय बैठक में लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन 29 मार्च 2026 को संपन्न हुआ, जिसमें जिले के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

बैठक में भारत स्वाभिमान न्यास के राज्य प्रभारी भारत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें किसान सेवा समिति के मुन्नालाल यादव सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में टीएसओ बावल, सुनील कुशरे, भीमराव आप्टे, अरविंद गौतम, देवकरण



सिंह, महंत गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, आचार्य विनोद जैन, धीरज कुमार एवं महेश्वर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजकों ने सभी सदस्यों से संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

# BCC के तत्वाधान में अंडर-19 टूर्नामेंट का भव्य आगाज, युवाओं को मिला मंच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

31 मार्च 2026। BCC (बैनगंगा क्रिकेट क्लब) के तत्वाधान में आयोजित प्रथम अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट अब जिले में चर्चा का विषय बनता जा रहा है। लगातार रोमांचक मुकाबलों और उभरती प्रतिभाओं के दम पर यह प्रतियोगिता क्रिकेट प्रेमियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। आज खेले गए मुकाबलों में SEONI YELLOW एवं मंडला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि दोनों मैचों में युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से भविष्य की बड़ी संभावनाओं के संकेत दिए। सुबह खेले गए पहले मैच में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन समिति के संरक्षक राजा भाई, अखिलेश खेडीकर, लीडर बैटरी मुकेश चंदेल, पवन नामदेव, अध्यक्ष अजय मिश्रा, सचिव अब्दुल काबिज़, संयोजक कलाम खान, सहसचिव रिजवान खान, स्पीड क्रिकेट अकैडमी के संचालक मनीष चौरसिया एवं वरिष्ठ खिलाड़ी शीत तिवारी संदीप कुमार उइके उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

# सत्य साईं प्रेमरथ यात्रा का केवलारी में भव्य आगमन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ नगर भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**

31 मार्च 2026 शांति, प्रेम और सद्भाव का संदेश लेकर पुट्टपर्ती से निकली 'सत्य साईं प्रेमरथ यात्रा' का आज मंगलवार को सिवनी जिले के केवलारी नगर में मंगल प्रवेश हुआ। भगवान श्री सत्य साईं बाबा के जन्मोत्सव के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यह दिव्य रथ यात्रा भक्ति और आस्था का केंद्र बनी रही। भक्तिमय प्रभात टिगरा मोहल्ला से शुरू हुआ सफर प्रातः 9:00 बजे नगर के टिगरा मोहल्ला स्थित साईं मंदिर से यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ। रथ के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालु एकत्रित होने लगे



थे। जैसे ही बाबा का सुसज्जित रथ मंदिर प्रांगण से निकला, पूरा वातावरण 'जय साईं राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। नगर भ्रमण और पुष्प वर्षा प्रेम रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और विभिन्न देवस्थानों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर और पुष्प वर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। रथ यात्रा जब गायत्री मंदिर मोहल्ला पहुँची, तो वहाँ बड़ी संख्या में आस्थावान लोगों ने बाबा की आरती उतारी, पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किया। गायत्री परिवार केवलारी के सदस्यों ने भी इस दिव्य यात्रा में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई, जिससे आयोजन में आध्यात्मिकता का संगम देखने को मिला। यात्रा का उद्देश्य प्रेम ही ईश्वर है' साईं भक्तों ने बताया कि इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और आपसी भाईचारा है। बाबा का संदेश रहा है कि सभी में प्रेम भाव हो और जीवन प्रेममय बने, क्योंकि प्रेम ही ईश्वर का साक्षात रूप है। उल्लेखनीय है कि यह यात्रा विगत 1 वर्ष से भारत के विभिन्न ग्रामों, तहसीलों और महानगरों का भ्रमण कर रही है। इस यात्रा का समापन 23 नवंबर 2026 को पुट्टपर्ती (आंध्र प्रदेश) में बाबा के 100वें जन्मोत्सव के भव्य आयोजन के साथ होगा। उगली की ओर प्रस्थान दिन भर केवलारी को भक्ति के रंग में सराबोर करने के बाद, शाम 4:00 बजे यह रथ यात्रा अपने अगले गंतव्य उगली की ओर प्रस्थान कर गई। विदाई के समय भी भक्तों की आँखें नम थीं, लेकिन हृदय बाबा के आशीष से प्रफुल्लित था। इस अवसर पर केवलारी क्षेत्र के सैकड़ों साईं भक्त, मातृशक्ति और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस गरिमामयी यात्रा को सफल बनाया।

# अमृतमयी संगीतमय श्री हनुमंत चरित्र कथा का कर रहे श्रवणपान

**सोनार -प्रदीप तिवारी।** सिवनी जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली मुख्यालय में बस स्टैंड, बाजार चौक उगली नगर के केंद्र बिंदु श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव की पावन अवसर पर हनुमान मंदिर समिति और ग्राम वासियों के विशेष सहयोग से संगीत मय श्री हनुमत चरित्र कथा का सप्त दिवसीय आयोजन किया गया है, आज पंचम दिवस की कथा का श्रवण पान भक्त गण, माताएं बहनें, बड़े बुजुर्ग और युवा सभी नियमित स्वयं 7 - 11 बजे तक कर रहे हैं, राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता दिवाकर चौबे जी महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से इस दिव्य कथा का बखान किया जा रहा है, शंकर सुमन केसरी नंदन श्री हनुमान जी महाराज भगवान राघवेंद्र सरकार की अनन्य भक्त की महिमा मंडल का बखान किया जा रहा है,गत दिवस की कथा में महाराज श्री ने हनुमान जी के 12 नाम और 12 राशियों के जातकों को



अलग-अलग नाम के आधार पर मंत्र उच्चारण के साथ पूजा उपासना करने के संदर्भ में बताया गया,श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य चरित्र का श्रवण पान भक्त गण बहुत ही हर्ष के साथ आनंदपूर्वक कर रहे हैं, इसी बीच में विगत दिवस अचानक मौसम की खराब भी हो गया लेकीन कथा नियमित चालू रही, कल 2 अप्रैल दिन गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर की युवा समिति के सौजन्य से वाहन रैली डीजे आतिशबाजी के साथ पूरे नगर भ्रमण कर पूजन अर्चन कर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा, मंदिर समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष रामाधार अहिरवार,ईंदू लाल कटरे, हरीश बिसेन, मुख्य यजमान कांति कुमार बिसेन सपपत्निक, देवेंद्र पटले, संदीप बिसेन,नवीन अग्रवाल मुकेश अवधिया,पत्रकार राजदीप राहंगडाले,रघुनाथ ठाकुर, हुकुमचंद बिसेन,अरविंद बिसेन,योगेश गिरी एवं समस्त समिति और व्यापारी बंधुओ व ग्रामवासियों सभी के सहयोग से यह दिव्या कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है, अंतिम दिवस 3 अप्रैल को इस कार्यक्रम का विश्राम दिवस हवन पूजन महाप्रसाद भंडारे के साथ किया जाएगा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भक्तगण इससे दिव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनकर धार्मिक लाभ लेने के लिए समिति ने आग्रह किया है।

# केवलारी नगर परिषद को मिले चार एल्डरमैन पार्षद

## सुधीर पाण्डे, संजय तिवारी, राजकुमार बघेल, श्रीमती त्रिवेणी दमाहे की हुई नियुक्ति

**केवलारी**, मध्य प्रदेश शासन के नगरी विकास एवं आवास विकास मंत्रालय के द्वारा केवलारी नगर परिषद में चार एल्डरमैन पार्षदों की नियुक्ति की गयी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं पत्रकारिता से जुड़े एवं केवलारी को नगर परिषद को बनवाने में, सिविल अस्पताल को आधुनिक एवं शहर के अंदर बनवाने के साथ ही ,केवलारी रेलवे स्टेशन के आधुनिक विकास के लिये प्रेरणादायक योगदान देने वाले सुधीर पाण्डे ”नंदू भैया” को नगर






परिषद केवलारी का एल्डरमैन पार्षद मनोनीत किया गया। जिससे केवलारी नगरवासियों सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इन चारों वरिष्ठ लोगों की नियुक्ति से नगर परिषद केवलारी को इनके नगर विकास से संबंधित अनुभव का लाभ मिलेगा ।साथ ही नगर विकास की योजनाओं को भली भांति क्रियान्वयन करवाने में इनका विशेष योगदान मिल सकेगा। इस अवसर पर मनोनीत एल्डरमैन पार्षद सुधीर पाण्डे ने मध्य प्रदेश शासन के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंडला सिवनी लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते,नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के केबिनेटमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन, पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह,भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनूप बघेल, सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

# एम्बुलेंस से उतरी पुलिस, भमोड़ी घाट पर रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

फिल्मी दुनिया में पुष्पा का अंदाज अक्सर चर्चा में रहता है, लेकिन बालाघाट में पुलिस ने उसी स्टाइल को हकीकत में बदलकर रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगलवार, 31 मार्च की सुबह वैनगंगा नदी के भमोड़ी घाट पर हुई इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी।जानकारी के अनुसार, भमोड़ी घाट क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। रेत माफियाओं का नेटवर्क इतना सक्रिय था कि पुलिस या खनन विभाग की किसी भी गतिविधि की भनक उन्हें पहले ही लग जाती थी। ऐसे में हर बार कार्रवाई से पहले ही ट्रैक्टर और मशीनें मौके से गायब हो जाती थीं।माफियाओं के इस मजबूत मुखबिर तंत्र को तोड़ने के लिए पुलिस ने इस बार अलग रणनीति अपनाई। 31 मार्च की सुबह एक एम्बुलेंस सायरन बजाते हुए घाट पर पहुंची। मौके पर मौजूद लोगों को लगा कि कोई आपात स्थिति है, लेकिन जैसे ही एम्बुलेंस के दरवाजे खुले, अंदर से मुस्तैद पुलिस बल बाहर निकला और तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।थाना नवेगांव प्रभारी उनि रमेश जाट के नेतृत्व में गठित चार विशेष टीमों ने चारों ओर से घेराबंदी कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में अफरा-तफरी मच गई। कई आरोपी मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लगे 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही जब्त कर लिया।जब्त किए गए वाहनों में 4 पावरट्रैक और 3 आयशर कंपनी के ट्रैक्टर शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई जा रही है। सभी ट्रैक्टर बिना नंबर के अवैध रूप से रेत परिवहन में लगे थे।इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने संबंधित ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 317(5), मध्यप्रदेश गौण खनिज अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस का कहना है कि इस





ऑपरेशन का उद्देश्य माफियाओं के सूचना तंत्र को ध्वस्त करना था, जिसमें उन्हें सफलता मिली है। इस कार्रवाई ने न केवल रेत माफियाओं के हौसले पस्त किए हैं, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि कानून से बचना अब आसान नहीं है।बालाघाट पुलिस की इस 'पुष्पा स्टाइल' कार्रवाई की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है और आगे भी अवैध खनन के खिलाफ इसी तरह सख्त कदम उठाने के संकेत दिए गए हैं।

### मौली पेथो-लेब के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी
# अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं वैधानिक व्यवस्थाओं के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा मौली पेथो-लेब के संचालक श्री चंद्रशेखर पटले को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध दंडात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही की जाए। चंद्रशेखर पटले को 07 दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मार्च 2026 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरेखा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. निषांत नंदा गौली के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल ने बालाघाट हॉस्पिटल लिमिटेड परिसर स्थित मौली पेथो-लेब का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

जांच में सामने आया कि लैब का संचालन बिना वैध पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति के किया जा रहा था। साथ ही, अन्य क्लीनिक के पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं लाइसेंस का अवैध उपयोग किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान लैब में उपलब्ध रिपोर्ट्स पर पैथोलॉजिस्ट डॉ. मोनिका लिल्हारे के स्कैन किए हुए हस्ताक्षर पाए गए, जबकि उनकी नियमित उपस्थिति नहीं थी।

निरीक्षण दल को यह भी जानकारी मिली कि लैब में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा ही जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाती थी और डॉक्टर के हस्ताक्षरयुक्त सील का उपयोग किया जाता था। इसके अलावा बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के लिए आवश्यक पंजीयन एवं अधिकृत संस्था से अनुबंध भी उपलब्ध नहीं पाया गया।

जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि लैब संचालक श्री चंद्रशेखर पटले निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं थे। वहीं, हॉस्पिटल परिसर में किराये पर संचालित इस लैब के अनुबंध का नवीनीकरण संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए।

इन सभी तथ्यों के आधार पर संबंधित संचालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एक्ट 1973 के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला बनता पाया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्हें 7 दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हिर्री में प्याऊ का हुआ शुभारंभ
# नव शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

म. प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड किरनापुर के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 01 केंद्र किरनापुर। जिला कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में जिला समन्वयक सुशील बर्मन के एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका वैद्य की मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 01 के नवांकुर संस्थान हिर्री क्षेत्रीय सहयोग ग्राम विकास संस्थान के द्वारा ग्राम हिर्री में शिव मंदिर प्रंगण मैं जल गंगा सवर्धन अभियान के अंतर्गत राह चलते राहगीरों के लिए पीने का पानी प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गर्मी के समय को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी पीने हेतु



मिट्टी का पत्र की भी व्यवस्था की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेंद्र पाराशर जी (व्यापारी संघ )के अध्यक्ष एवं ग्राम की प्रधान नागरिक सरपंच विनीता राजेंद्र पाराशर एवं शिव मंदिर के संचालक श्रीमती फूलबत्ती दादरे जी आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष -मुन्ना जी ,अमित पांच, सुरेश वघाडे, दीनिया सहारे, बबलू दादरे,संजू दादरे एवं समस्त नागरिक उपस्थित थे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का गरिमामय एवं सफलता पूर्वक हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वैभव एकेडमी, बालाघाट द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन 29 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध एवं कर्मठ पुलिस अधिकारी संतोष पटेल सर (डीएसपी) ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान करना तथा अल्पायु के बच्चों को जीवन में सही दिशा, स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर परिश्रम की प्रेरणा देना था। समारोह के दौरान चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की नई ऊर्जा का संचार हुआ।अपने प्रेरणादायी संबोधन में मुख्य अतिथि श्री संतोष पटेल सर ने बच्चों को अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी बचपन से ही अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर होकर लगातार प्रयास करें, तो जीवन में



कोई भी सफलता प्राप्त करना कठिन नहीं होता। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके सम्माननीय अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। अभिभावकों का उत्साह और सहयोग इस आयोजन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार रहा।यह समारोह बच्चों के लिए केवल सम्मान का अवसर ही नहीं रहा, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरणा प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुआ।

## आज से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ, प्रवेशोत्सव की तैयारियां पूरी

**बालाघाट**। नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ 01 अप्रैल 2026 से होने जा रहा है। इस अवसर पर जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में उत्साहपूर्वक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन ने बताया कि जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 01 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सांदीपनि विद्यालय, बालाघाट में किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं स्वागत गीतों के साथ अभिनंदन किया जाएगा, साथ ही उन्हें पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा।

### कृषि मंडी के उडनदस्ते की कार्यवाही, तीनों ट्रकों से वसूली गई 66619 रुपये की राशि
# मिर्ची का अवैध परिवहन करने वाले 3 ट्रकों से वसूला गया 5 गुना मंडी शुल्क

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी**। कृषि उपज मंडी वारासिवनी के कर्मचारियों के उडनदस्ते दल द्वारा मंगलवार की सुबह अवैध रूप से मिर्ची का परिवहन कर रहे 3 ट्रकों को जप्त कर उनसे 66619 रूपये की राशि टैक्स के रूप जमा करवाई गई है।



जानकारी अनुसार महाराष्ट्र राज्य के नागपुर से 3 ट्रकों के माध्यम से मिर्ची बालाघाट के व्यापारियों द्वारा बुलवाई गई थी। जब यह ट्रक वारासिवनी मंडी की सीमा में पहुंचे, तो कृषि मंडी के उडनदस्ता दल के कर्मचारियों ने उन्हें गुरुनानक धर्मशाला के सामने रोक कर तलाशी ली। तो उसमें मिर्ची के बोरे भरे हुए पाए गए। जिस पर उनके मिर्ची परिवहन व बिक्री के दस्तावेज ट्रक चालकों से मांगे गए और उनका निरीक्षण किया गया। तो दस्तावेज वैध नहीं पाए गए और टैक्स का भुगतान होना नहीं पाया गया।जिसके बाद तीनों ट्रैकों को कर्मचारियों ने मंडी परिसर में खड़ा करवा लिया। उसके बाद मंडी प्रशासक कार्तिकेय जायसवाल व मंडी सचिव को जानकारी दी गई। उनके निर्देश पर कर्मचारियों ने तीनों ट्रकों के खिलाफ मिर्ची के अवैध परिवहन का प्रकरण बनाया गया। तदनुसार मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) के उल्लंघन करने पर प्रकरण बनाकर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसमें वाहन क्रमांक एम एच 40 डी सी 5625 में 48.61 क्विंटल मिर्ची के बोरे भरे पाए गए, जो गुजरात किराना बालाघाट जा रहे थे, उन पर पांच गुना मंडी शुल्क 14340 रुपये, निराश्रित शुल्क 2868 रुपये, समझौता शुल्क 1500 रुपये कुल वसूल राशि 18708 रुपये एवं वाहन क्रमांक एम एच 40 बी एल 3749 में 57.97 क्विंटल मिर्ची भरी थी। जो फर्म फिजा कॉरपोरेशन बालाघाट जा रही थी, उस पर पांच गुना मंडी शुल्क 16522 रुपये, निराश्रित शुल्क 3304 रुपये, समझौता शुल्क 1500 रुपये कुल वसूल राशि 21326 रुपये एवं वाहन क्रमांक एम एच 40 सी डी 5780 में 41.81 क्विंटल मिर्ची भरी हुई थी, जो फर्म कासम कच्छी बालाघाट जा रही थी। उस पर पांच गुना मंडी शुल्क 20904 रुपये, निराश्रित शुल्क 4181 रुपये, समझौता शुल्क 1500 रुपये कुल वसूल राशि 26585 रुपये की गई।

# महात्मा फुले एवं डॉ. अंबेडकर संयुक्त जयंती समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा में महात्मा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महात्मा फुले,बिरसा मुंडा,डॉ.भीमराव अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित होगा,जिसमें समाज के विभिन्न वर्गो की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। प्रेस को जानकारी देते हुए सामाजिक सदस्य श्री प्रमोद चौहान ने बताया की 14 अप्रैल 2026, मंगलवार को मुख्य मंचीय आयोजन दोपहर 12 बजे महात्मा फुले प्रतिमा स्थल के पास आयोजित किया जाएगा। आगे जानकारी देते हुए श्री चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मान. इंजीनियर किशोर (बालाघाट) उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रमुख अतिथियों में (जी.एस.टी. कमिश्नर जबलपुर) मान.लोकेश लिल्हारे, (सहायक भविष्य निधि आयुक्त जबलपुर)मान. रूपसिंह मड़ावी,(आर्थोपेडिक विशेषज्ञ) डॉ.अजीत गनवीर तथा (जनरल फिजिशियन) डॉ. देव प्रकाश लिल्हारे शामिल रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा के सरपंच अनिश खान एवं समाजसेवी श्यामलाल पंचेश्वर की उपस्थिति रहेगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष झनकार सिंह उइके करेंगे,जबकि संचालन संयोजक देवानंद बोकर द्वारा किया जाएगा।

समारोह के अंतर्गत 11 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ होगी। 11 अप्रैल को महात्मा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। 13 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा,जिसमें बच्चों द्वारा गीत,नृत्य,नाटक एवं संविधान पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी।मुख्य आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे मोटर साइकिल रैली के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन किया जाएगा। दिनभर विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही 2 बजे से भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार सुरज आतिश अपनी प्रस्तुति देंगे।समिति द्वारा बताया गया कि समारोह के दौरान उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा तथा समाज में जागरूकता एवं एकता का संदेश दिया जाएगा। यह आयोजन समाज के महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

### चिचगांव सरपंच के खिलाफ थाने पहुंची महिलाएं
# सरपंच पर अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप, महिलाओं ने पकड़ी शराब

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोड़मी गांव की करीब दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने सोमवार की रात तकरीबन 11 बजे थाना पहुंचकर ग्राम पंचायत चिचगांव के सरपंच अरविंद खरे के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महिलाओं ने सरपंच पर नहलेसरा में अवैध शराब ब्रिकी की जब्ती की कार्रवाई के दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का कथित आरोप लगाया है। दरअसल, महिलाओं और सरपंच के बीच का यह पूरा विवाद नहलेसरा में संचालित होने वाली किराना दुकान में बिक रही अवैध शराब ब्रिकी की जब्ती की कार्रवाई के दौरान हुआ है। महिलाओं ने ग्राम कोड़मी को नशा मुक्त बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति गांव



में बिकने वाली देसी-विदेशी और कच्ची शराब की रोकथाम की दिशा में पुलिस के सहयोग के साथ कार्य कर रही है। सोमवार को महिलाओं को सूचना मिली थी कि कटंगी सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर कोड़मी गांव की सीमा में आने वाले ग्राम नहलेसरा में अवैध शराब बिक्री हो रही है। जिसकी रोकथाम के लिए गांव की महिलाओं ने रात्रि में ही उक्त स्थान पर पहुंचकर वहां से शराब बरामद की और पुलिस को सूचना दी। महिलाओं की इस कार्रवाई को देख चिचगांव सरपंच ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया। जिससे महिलाओं के आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा और उन्होंने थाना पहुंचकर शराब बेचने वाले आरोपियों को पुलिस के हवाले किया वहीं सरपंच के खिलाफ भी लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

महिलाओं ने बताया कि कोड़मी पंचायत के नहलेसरा में सुखदास हरदे, पंकज भवरे और राजेंद्र भवरे अपनी-अपनी दुकानों से अवैध तरीके से देसी विदेशी कच्ची शराब की बिक्री कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर महिलाओं ने दुकानों में दबिश दी तो दुकानों से शराब जप्त की गई। महिलाओं की इसी कार्रवाई के दौरान सरपंच अरविंद खरे ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया ऐसा आरोप लगा है। महिलाओं ने पूरे घटनाक्रम की रात्रि में ही पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची जिसने शराब बिक्री करने वाले दो लोगों को थाने लाया। महिलाओं ने सरपंच सहित शराब की अवैध बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब हो कि कोड़मी गांव की महिलाएं फरवरी माह से लगातार गांव को नशा मुक्त बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। वह गांव में शराब ब्रिकी करने वाले लोगों को पहले ही सचेत कर अवैध शराब ब्रिकी बंद करने की अपील कर चुकी है इसके बावजूद भी कुछ लोग अवैध शराब ब्रिकी कर रहे है तो महिलाओं ऐसे घरों और दुकानों में पहुंचकर शराब जब्त कर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई करवा रही है।

अब तक महिलाएं बड़ी मात्रा में देसी-विदेशी और कच्ची शराब जब्त करवाकर बेचने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करवा चुकी है। कोड़मी गांव की महिलाओं के जुनून को देखकर अन्य गांव की महिलाएं भी अब अपने गांव को नशामुक्त गांव बनाने की दिशा में प्रयास करने के लिए आगे आ रही है। कोड़मी गांव में पहले खुलेआम शराब ब्रिकी होती थी लेकिन अब जब महिलाओं ने गांव को नशामुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है तो शराब बेचने से लेकर पीने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विधायक के प्रयासों से परसवाड़ा को मिली नई आंगनवाड़ी केंद्रों की सौगात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में निरंतर सक्रिय विधायक मधु भाउ भगत ने एक बार फिर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दिलाई है। उनके प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य आयोजना मद 5360 के तहत कई ग्रामों में नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति ग्रामीण अंचलों में महिला एवं बाल विकास सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सकरी के हितरगढ़ी, ग्राम देवसर्रा, ग्राम टाकाबर्रा के खर्राकोना, ग्राम रोशना के सितकूटोला नेवरगांव, ग्राम सकरी के देवसर्रा, ग्राम नगरवाड़ा के गंगाटोला, लामता के टेकाड़ी एवं झरियाटोला, ग्राम लिंगा के नैतरा-3 तथा ग्राम चरेगांव खर्राकोना में आंगनवाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इन केंद्रों के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्रारंभिक शिक्षा की सुविधाएं सुलभ होंगी।

विधायक मधु भगत ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी विकास आवश्यक है, और आंगनवाड़ी केंद्र इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार से अधिक से अधिक बजट और योजनाएं क्षेत्र में लाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

उन्होंने आगे कहा कि नए आंगनवाड़ी भवन बनने से जहां बच्चों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण मिलेगा, वहीं महिलाओं को भी स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा। इससे कुपोषण की समस्या को कम करने में भी मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का स्तर बढ़ेगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से इन क्षेत्रों में आंगनवाड़ी भवनों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। निस्संदेह, यह पहल न केवल आधारभूत संरचना को मजबूत करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य की नींव भी रखेगी।